सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 270 | इंदौर, शुक्रवार 12 अप्रैल, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए



'महिमा निराली तेरी, तेज है निराला'
'सिंह की सवारी सोहे, हाथों में भाला'
!! ब्रह्माण्ड रचयिता माँ कूष्मांडा की जय !!



# 5 दिन आंधी-बारिश और ओले गिरेंगे

## 36 जिलों के लिए रेड अलर्ट, 60Km प्रतिघंटे की रफ्तार से चल सकती है हवा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में पिछले 5 दिन से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। शुक्रवार को भी ऐसा ही मौसम रहेगा। नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा समेत 36 जिलों में कही आंधी, बारिश तो कहीं ओले का रेड अलर्ट है। वहीं, अगले 4 दिन तक आंधी, बारिश और ओले का दौर जारी रह सकता है। हवा की रफ्तार 30Km और अधिकतम गति 60Km प्रतिघंटा तक रह सकती है।

IMD, भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, 'अभी वेस्टर्न डिस्टरबेंस, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन गुजरने की वजह से बारिश-ओले का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। इस कारण प्रदेश में बारिश हो रही है। एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। इसका असर भी प्रदेश में देखने को मिलेगा।'

इससे पहले, गुरुवार को कई जिलों में बारिश हुई। भोपाल में देर रात गरज-चमक के साथ तेज बारिश हुई। रतलाम, सागर, छिंदवाड़ा, उज्जैन, विदिशा समेत कई जिलों में बारिश हुई। गुना और रतलाम में ओले भी गिरे। गुरुवार को आकाशीय बिजली गिरने से 2 युवकों की मौत हो गई। दमोह के ग्राम दुधिया में रामजी बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़ा था, तभी बिजली गिरी। उधर, आलीराजपुर में भूदरा बामनिया (28) ईंट के भट्टे को ढंक रहा था, तभी बिजली गिर गई। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### कब-कहां ओले-बारिश का अनुमान

**12 अप्रैल**: भोपाल, विदिशा, राजगढ़, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, धार, इंदौर, उज्जैन, देवास, आगर-मालवा, मंदसौर, अशोकनगर, भिंड, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, कटनी, पन्ना और सागर जिलों में हल्की बारिश के साथ गरज-चमक की स्थिति रहेगी। रायसेन, सीहोर, हरदा, शाजापुर, अनूपपुर, डिंडोरी, जबलपुर, सिवनी, मंडला, बालाघाट और दमोह के लिए ऑरेंज अलर्ट है। यहां बारिश, ओले और 40 से 50Km प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है। नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में रेड अलर्ट है। यहां हवा की रफ्तार 60Km प्रतिघंटा या इससे अधिक हो सकती है।

**13 अप्रैल**: भोपाल, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर और पांढुर्णा में यलो अलर्ट है। कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। विदिशा, रायसेन, छिंदवाड़ा, दमोह और सागर के लिए ओले-बारिश, आंधी का ऑरेंज अलर्ट है।

**14 अप्रैल**: बैतूल, रतलाम, उज्जैन, अनूपपुर, डिंडोरी, मंदसौर, नीमच, गुना, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, छिंदवाड़ा, सिवनी, पन्ना, छतरपुर और पांढुर्णा में यलो अलर्ट है।

**15 अप्रैल**: भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, बुरहानपुर, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, भिंड, रीवा, मऊगंज, सतना, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, दमोह, सागर, टीकमगढ़, मैहर और पांढुर्णा में गरज-चमक, हल्की बारिश और तेज हवा का दौर जारी रहेगा।

## Headline

1. PM Modi in Udhampur : उधमपुर में बोले पीएम- दशकों बाद चुनाव में आतंकवाद-अलगावाद मुद्दा ही नहीं रहे
2. रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामला: IED रखने और विस्फोट की साजिश रचने वाले आरोपी पकड़े गए; एनआईए की कार्रवाई
3. आतिशी बोलीं: अफसरों ने बैठक में शामिल होना किया बंद, AAP सरकार को गिराने और राष्ट्रपति शासन लागू करने की साजिश
4. 'एक मिसाइल, एक टैंक': भारत-चीन सीमा पर 17,000 फीट की ऊंचाई पर गरजीं एटीजीएम; जवानों ने लगाए सटीक निशाने
5. US: चीन की बढ़ेगी परेशानी, व्हाइट हाउस में फिलीपींस और जापान के राष्ट्राध्यक्षों से पहली बार एक साथ मिले बाइडन

# फूड डायरेक्टर ने जानी सांवेर, शिप्रा में गेहूं की स्थिति

## काले दाने का मामला मंत्रालय में, जल्दी ही समाधान का आश्वासन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कोहरे के कारण काले पड़े गेहूं की स्थिति सहित इससे जुड़ी समस्याओं को लेकर भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण के डायरेक्टर आरके मीणा इंदौर आए। उन्होंने सांवेर में खरीदी केंद्रों और शिप्रा में स्टील साइलो की स्थिति जानी। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि काले दाने का मामला मंत्रालय में रख दिया गया है। जल्द ही इसका समाधान किया जाएगा।**

डायरेक्टर मीणा बुधवार देर शाम शिप्रा स्थित स्टील साइलो पहुंचे और मौके की स्थिति जानी। वे जामोदी सेवा सहकारी संस्था सांवेर के महाकाल स्थित वेयर हॉउस (खरीदी केंद्र) भी पहुंचे। यहां टीम ने गेहूं का परीक्षण किया। फिर सोसायटी प्रबंधक और किसानों से बात की।

इस दौरान किसानों ने बताया कि यहां चमकविहीन गेहूं को लेकर परेशानी थी लेकिन 30% तक छूट देने से राहत है। मीणा सांवेर के ही दर्जी कराडिया स्थित सोसायटी के महाकाल वेयर हॉउस पर भी पहुंचे और गेहूं की स्थिति जानी। उनके साथ सहकारिता डिप्टी रजिस्ट्रार मदन गजभिये, फूड सप्लाय कंट्रोलर एम. मारु, आईपीसी के सीईओ आलोक डैन, फूड इंस्पेक्टर्स आदि थे।

इन तीनों स्थानों पर उन्होंने भुगतान, खरीदी-बिक्री, ईपीओ की प्रक्रिया को बारीकी से समझा। साथ ही यह भी कहा कि यहां के किसान कहीं भी जाकर जाकर स्लॉटस बुक सकते हैं, यह सुविधानजक है। उन्होंने काले दाने की समस्या को गंभीर बताया और कहा यह मामला राज्य सरकार के माध्यम से मेरे पास पहुंचा है। इसे मंत्रालय भेजा गया है। जल्द ही इसका समाधान किया जाएगा।

### दोबारा सर्वेयर से कराएं परीक्षण

उधर, कलेक्टर आशीष सिंह ने सभी खरीदी केंद्रों पर पंख चलन झाड़ू अपग्रेड, ग्रेडिंग मशीन की अनिवार्यता को लेकर डिप्टी रजिस्ट्रार (सहकारिता) और आईपीसी बैंक के सीईओ को निर्देश दिए गए हैं। किसी किसान का किन्हीं कारणों से यदि गेहूं रिजेक्ट होता है तो उसकी साफ सफाई, पंखा छनना लगाकर ग्रेडिंग करवाकर दोबारा सर्वेयर से परीक्षण किया जाएं। फिर मानक स्तर का होने पर खरीदी की जाए।

# शिक्षक के बिना हर ज्ञान अधूरा

## 11 शिक्षकों को ज्योतिबाफुले अवार्ड, उषा अग्रवाल विवेकानंद लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित

### भगवद गीता और हनुमान चालीसा से स्किल्स डेवलपमेंट और मेनेजमेंट के सीखे गुर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शिक्षक के बिना हर ज्ञान अधूरा है। माता-पिता के बाद शिक्षक (गुरु) ही हैं जो हर बच्चों को सही राह दिखाते हैं.शिक्षक व्यक्ति ,समाज व राष्ट्र का निर्माण करते हैं । ये विचार महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर संस्था सहयोग द्वारा आयोजित शिक्षकों के सम्मान समारोह में अतिथियों ने व्यक्त किए।**

जानकारी देते हुए संस्था के विजय दुबे , आशीष तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में उषा अग्रवाल को खुड़ैल ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा उत्थान हेतु विवेकानंद लाइफ टाइम अचीवमेंट आवार्ड से सम्मानित किया गया साथ ही 11 शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हेतु ज्योतिबा फुले अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भगवद गीता और हनुमान चालीसा से स्किल्स डावलमेंट और मेनेजमेंट के गुर डॉ. विक्रांतसिंह तोमर ने सिखाए।

जिन 11 शिक्षकों को ज्योतिबा फुले अवार्ड दिया गया उनमें, ढाबली से रतनलाल परमार, कलारिया से श्रीमती किरण अजमेरा,पालदा से गोविंदराम मालवीय, द्वारकापूरी से श्रीमती मंजु गौतम, आजाद नगर से अब्दुल हफीज बनारसी सहित दिनेश चौहान,श्रीमती माधुरी जाधव,अनिल त्रिपाठी,श्रीमती सुशीला गोयल अजय पावड़े और डॉ उजागरलाल कटियार को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण अध्यक्ष अजय कुशवाह ने दिया। अतिथि स्वागत अशोक यादव, सुनील यादव, विजय शर्मा, सूरज कनोडिया, भूपेन्द्र ठाकुर, निलेश दीक्षित, जी एस चौहान, मुन्ना ठाकुर देकरण वर्मा आदि ने किया। संस्था परिचय सभापति सत्यकुमार पटेल ने दिया। सफल संचालन प्रमोद दोलीया ने किया। अंत में आभार वर्किंग कमेटी अध्यक्ष राधेश्याम जमाले ने व्यक्त किया। इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी, दीपक जैन टीनू, विधायक गोलू शुक्ला, आदि उपस्थित रहे।

# बीजेपी के कार्यक्रम में भगवा टोपी में दिखे शुक्ला



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शाल हुए पूर्व विधायक संजय शुक्ला भगवा टोपी में नजर आए। वे लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए प्रचार कर रहे हैं। गुरुवार को वे मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा लोकसभा के लिए आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। बता दें, पिछले विधानसभा चुनाव में संजय शुक्ला और मंत्री विजयवर्गीय आमने-सामने चुनाव लड़े थे। इसमें कांग्रेस की ओर से चुनाव लड़ रहे शुक्ला 57939 से चुनाव हार गए थे। शुक्रवार को मंत्री विजयवर्गीय की विधानसभा इंदौर-1 के 6 वार्डों में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया था।**

कार्यकर्ता सम्मेलन में सांसद प्रत्याशी शंकर लालवानी के कहा कि भाजपा के राज मे शहर में चहुँमुखी विकास हुआ है और स्वच्छता के रूप मे इंदौर शहर अन्य राज्यों के शहरों के लिए एक आदर्श शहर बना है। कांग्रेस सरकार भ्रम फैला रही थी की भाजपा चुनाव के बाद लाड़ली बहना योजना बंद कर देगी परन्तु हमारे मुख्यमंत्री द्वारा अब वार त्योहार को देखते हुए कई बार 10 तारीख के पहले ही राशि दे दी है।

इस विधानसभा के मुस्लिम समाज के लोगों को बता दूं कि भाजपा सरकार कभी भी जनकल्याणकारी योजनाओं मे भेदभाव नहीं करती। समाज के सभी वर्गों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है हम आप लोगों से भी आशा करते हैं कि इस लोकसभा चुनाव मे आपका भी भरपूर आशीर्वाद देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिलेगा।

इंदौर-1 में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन की अगुवाई मंत्री पुत्र और पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने की। इस दौरान आकाश विजयवर्गीय ने कहा कि देश की दशा एवं दिशा देश का प्रधान मंत्री तय करता है, मोदी जी के नेतृत्व में भारत पूरी दुनिया में एक विकसित और शक्तिशाली देश बनकर उभर रहा है।

# दुर्घटना में कर्मचारी की मौत; 54 लाख देने का आदेश

### दो साल के इनकम टैक्स रिटर्न को माना आधार; कोरोना काल में हुआ था हादसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत में कोर्ट ने इंश्योरेंस कंपनी को उसके परिवार क 54.28 लाख रु. देने का आदेश दिया है। दुर्घटना 2020 को देवास बायपास पर हुई थी। इंदौर निवासी निर्मल एक कंपनी में जॉब करते थे। घटना वाले दिन वह बाइक से कंपनी जा रहे थे। इसी दौरान उन्हें पीछे से एक टवेरा ने जोरदार टक्कर मारी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मामले में उनकी पत्नी ने खुद के और दोनों बच्चों की परवरिश को लेकर कोर्ट क्लेम लगाया था। एडवोकेट राजेश खण्डेवाल के मुताबिक केस में परिवार की ओर से निर्मल द्वारा भरे गए तीन साल के इनकम टैक्स रिटर्न पेश किए गए। इसमें एक साल के रिटर्न में कुछ गलती थी। इसके बावजूद कोर्ट ने दो साल के रिटर्न को आधार माना और तीसरे साल के भी रिटर्न को भी मान्य किया। कोर्ट ने इंश्योरेंस कंपनी को आदेश दिया है कि वह निर्मल के परिवार को 54.28 लाख रु. दें। यह राशि 6% ब्याज के साथ देनी होगी।

# रेस्टोरेंट के किचन का वेस्ट सीवरेज लाइन में डाला, 50000 जुर्माना

**इंदौर । एक रेस्टोरेंट संचालक के द्वारा अपने किचन का बेस्ट सीवरेज लाइन में बहा दिया गया। इस मामले को इंदौर नगर निगम की टीम ने पकड़ लिया और रेस्टोरेंट पर 50000 का जुर्माना लगाया है ।**

निगम के जोन 13 में आने वाले वार्ड 80 के अंतर्गत गोपुर चौराहे पर मालाकार रेस्टोरेंट का किचन वेस्ट डायरेक्ट ड्रेनेज लाइन में जा रहा था जिससे ड्रेनेज लाइन पूरी तरह से चौक हो गई थी और बदबू आ रही थी । रहवासियों द्वारा शिकायत करने पर स्पॉट पर जाकर निगम के हेल्थ ऑफिसर विवेक गंगराड़े और चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर श्याम मांडेकर द्वारा निरीक्षण किया गया । उन्होने ड्रेनेज सुपरवाइजर रोशन पाल को जानकारी देते हुए उनकी टीम को बुलाकर जांच करवाई । इस जांच में मालाकार रेस्टोरेंट से निकलने वाले किचन वेस्ट की गाद पाई गई जिससे भयानक बदबू आ रही थी ।

फिर मालाकार रेस्टोरेंट के मालिक पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही के लिए कहा गया तो उनके द्वारा फाइन देने से मना कर दिया गया । ऐसी स्थिति में अधिकारियों ने निगम की टीम टीम को रेस्टोरेंट को सील करने का कहा गया । तब राजस्व विभाग की टीम बुलाई गई। कुछ मिनट पश्चात रेस्टोरेंट के संचालक के द्वारा अपनी गलती स्वीकार कर ली गई । इसके बाद में निगम की टीम के द्वारा मौके पर चालान बनाकर 50000 की स्पॉट फाईन की कार्रवाई की गई ।

# सिल्वर सखियों ने मनाया गणगौर पर्व

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सिल्वर स्प्रिंग सोसायटी में सिल्वर सखियों द्वारा गनगौर पूजा की गई, इसमें महिलाओं ने सुहाग के लिए पूजन कर गणगौर पर्व मनाया गया । अखण्ड सुहाग का प्रतीक गणगौर के पूजन और व्रत का अपना एक अलग ही स्थान है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाने वाला यह त्योहार स्त्रियों के लिए अखण्ड सौभाग्य प्राप्ति का पर्व है। गणगौर विवाह योग्य कन्याएं शिव जैसे भावी पति को पाने के लिए पूर्ण श्रद्धा भक्ति से यह पूजन करती हैं। वहीं सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीघार्यु, मंगल कामना और परिवार के साथ सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। 16 दिनों तक यह त्योहार महिलाओं के साधारण दैनिक जीवन को एक अलग रंग और जीवंतता देता है। इसके अलावा गणगौर पूजा सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है,जो सामाजिक एकता, साझा, संवेदनशीलता और प्रेम को बढ़ावा देती है।

# गायत्री परिवार के योगाचार्य प्रभाकर का अभिनंदन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। अपने लिए जिए तो क्या जिए, दूसरो के लिए जीना और समर्पण करने से बड़ा कोई उपकार नही है। योग एवं गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्य, योगाचार्य प्रभाकर कोहेकर की वर्षगांठ क्षेत्र संगम नगर में अनूठी पहल के साथ सेवा दिवस के रूप में मनाई गई। क्षेत्र प्रतिनिधिगण मोहन तिवारी, अशोक जैन, प्रेम सिंह पवार, इंद्र सिंह परिहार, शिवचरण शर्मा, सुनील देवड़े , ओमप्रकाश रघुवंशी, शैलेंद्र ठोंम्बरे, श्रीमती वंदना कोहेकर, प्रशांत कोहेकर, बिट्टू पाठक कैप्टन, आयुष,रक्षित सहित मित्रगण योगाचार्य वीरसिंह यादव , राम लखन पाल, पत्रकार राजेश यादव ने एक स्वर में संकल्प लिया कि निरोगी काया, सबसे बड़ी माया हैं। वर्षगांठ को सेवा दिवस के रूप में हर दिन योग साधना के जरिए प्रभाकर कोहेकर अलख जगा रहे हैं और स्वस्थ रहने के लिए लोगों को संकल्प दिला रहे हैं। इस अवसर पर क्षेत्र प्रतिनिधिगण एव स्नेहियों ने उन्हें श्री कोहेकर को उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन के लिए हमेशा ऊर्जा के साथ योग की यात्रा जारी रखने का आहवान किया है।

# मतदान केंद्रों की रंगाई पुताई के लिए निगम ने दिया ठेका...

## मतदाताओं के लिए केंद्रों पर टेंट भी लगाएं जाएंगे

### 30 अप्रैल तक मतदान केंद्र को सजाकर करना है तैयार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लोकसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान की तैयारियां धीरे धीरे शुरु हो रही है। नगर निगम के द्वारा निगम सीमा में स्थित 1760 मतदान केंद्रों की रंगाई पुताई और मरम्मत के कार्य का ठेका 3 करोड़ रुपए में दिया गया है। यह तय किया गया है कि 30 अप्रैल तक इन सभी मतदान केंद्रों को सजाकर तैयार कर दिया जाएगा।**

लोकसभा चुनाव का कार्य शुरू होने के साथ ही नगर निगम भी अपने कामों को लेकर सक्रिय हो गया है। चुनाव आयोग के द्वारा जिन स्थानों पर मतदान केंद्र बनाए जाते हैं उन स्थानों के भवनों की देखरेख करना और उन भवनों को सुविधापूर्ण बनाना नगर निगम की जिम्मेदारी होती है। निगम के द्वारा इस जिम्मेदारी के निर्वहन की दिशा में पहल शुरू कर दी गई है।

निगम के अधिकारियों ने बताया कि इस बार के लोकसभा चुनाव में इंदौर शहर में 1760 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी मतदान केंद्रों का निगम के अधिकारियों के द्वारा दौरा कर लिया गया है। इस दौर के आधार पर मतदान केंद्र के हिसाब से यह सूची तैयार कर ली गई है कि किस मतदान केंद्र पर क्या कार्य किया जाना है। मोटे तौर पर हर मतदान केंद्र पर किए जाने बाले कामों में कहीं रंगाई पुताई होती है तो कहीं मेंटेनेंस का काम होता है। हाल ही में विधानसभा चुनाव हुए थे इसलिए उस समय पर मतदान केंद्रो पर काफी कुछ काम किया गया था। ऐसे में इस बार मतदान केंद्र पर बहुत ज्यादा काम नहीं है। करीब 100 मतदान केंद्र जो नए बनाए गए हैं वहां पर जरूर कामकाज है।

नगर निगम के द्वारा इन सारे कामकाज को करने के लिए हर जोनल कार्यालय के स्तर पर टेंडर किए गए हैं। शहर के सभी 19 जोनल कार्यालय में मिलाकर 3 करोड़ रुपए के टेंडर किए गए हैं। इस राशि से इन जोनल कार्यालय क्षेत्र में मेंटेनेंस और रंगाई पुताई के काम किए जाएंगे। यह काम ठेके पर देने के साथ ही निगम के द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया गया है कि 30 अप्रैल तक काम शुरू होने के साथ ही पूरा हो जाए। निगम के अधिकारियों का कहना है कि हम 30 अप्रैल को हर मतदान केंद्र को सजाकर तैयार कर देंगे।

# उर्स के मौके पर चार दिन के प्रोग्राम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। महूनाका कब्रिस्तान स्थित दरगाह शरीफ अता-ए-ख़्वाजा साहब के 56वाँ उर्स मुबारक के मोके पर खादिम ए खास हजरत औसाफ मोहम्मद चिश्ती (बाबा साहब) और सज्जादानशीन हजरत वासिफ करीम चिश्ती सरपरस्ती मे मनाया जाएगा। उर्स के कार्यक्रम 13 अप्रैल 2024 (3 शव्वाल) गुस्ल संदल दोपहर 3:30 पर और शाम 5:30 असर की नमाज के बाद परचम कुसाई और रात 9:00 बजे ईशा की नमाज के बाद कुरआन ख्वानी, नात ख्वानी और कुल की फातिहा 14 अप्रैल 2024 (4 शव्वाल)सुबह 8:00 बजे से कव्वाली खानकाह शरीफ मोती तबेला पर और चादर शरीफ जुलुस खानकाह शरीफ से दरगाह शरीफ तक दरगाह शरीफ पर कव्वाली होगी और असर की नमाज के बाद चादर शरीफ पेश की जाएगी। 15 अप्रैल 2024 (5 शव्वाल) शाम 7:00 बजे मगरिब की नमाज के बाद हुजूर ख़्वाजा उस्मान ए हारुनी रहमततुल्लाह अलैह (गरीब नवाज के पीरो मुर्शिद) के उर्स के मौके पर हल्का ए जिक्र और उर्स की फातिहा होगी। 16 अप्रैल 2024 (6 शव्वाल) सुबह 8:00 बजे कव्वाली (महफिल ए टंग) दरगाह शरीफ पर होगा।

## मुक पक्षियों के लिए आगामी तीन माह तक दाना-पानी देगा पटेल परिवार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। गीता रामेश्वरम् ट्रस्ट द्वारा पूर्व मंत्री स्व. रामेश्वर पटेल के तृतीय पुण्य स्मरण एवं स्व. श्रीमती गीता रामेश्वर पटेल को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी स्मृति में भीषण गर्मी में मुक पक्षियों के लिए आगामी तीन माह अप्रैल, मई और जून तक रोजाना दाना-पानी देने का संकल्प पटेल परिवार ने लिया। जानकारी देते हुए समाजसेवी मदन परमालिया एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद सत्यनारायण पटेल ने बताया कि अ.भा. कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, सहकारिता नेता एवं जिला संघ के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम पटेल ने अपने माता-पिता की स्मृति में मुक पक्षियों के लिए यह अभियान चलाया है। इस मौके पर राहुल पटेल, विनोद, सागर, यशोवर्धन सिंह, विवेक सिंह, चेतन सिंह चौधरी, गौरव सिंह पटेल एवं हेमन्त पाल, द्वारका शारदा, नरेन्द्र सूर्यवंशी, प्रितेश राज, मिथिलेष जोशी, जगदीश जोशी, आशीष जोशी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर स्व. श्रीमती गीता रामेश्वर पटेल को श्रद्धांजलि समाज के विभिन्न समाजसेवी, संगठनों एवं राजनेताओं और बड़ी संख्या मातृशक्तियों ने श्रद्धांजलि दी।

# इंदौर में बादलों ने गिराया पारा, लोगों को मिली गर्मी से राहत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में भी बादलों की वजह से गर्मी में राहत मिली है। प्रदेश में चले बारिश के दौर ने इंदौर को भी तीन दिन राहत दी। बादलों की वजह से गर्मी के दिनों में मानसून जैसा नजारा दिख रहा है। बुधवार से बादल आना शुरू हुए और शुक्रवार सुबह तक आते रहे। आसपास के जिलों में बारिश भी हुई। इस वजह से तापमान कम हुआ और मौसम में ठंडक घुली। मौसम विभाग के मुताबिक अभी इंदौर समेत पूरे प्रदेश में इसी तरह का मौसम रहने वाला है। दशक में पहली बार अप्रैल के महीने में इस तरह बारिश हो रही है। प्रदेश के कई जिलों में पिछले तीन दिन से आंधी, बारिश की वजह से तापमान कम हुआ है। कई जिलों में अप्रैल में ही ओलावृष्टि हुई है। मौसम विभाग के अनुसार अभी पूरे प्रदेश में दो दिन बादल और हल्की बारिश का दौर रहेगा।



# सामूहिक गणगौर का उद्यापन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। श्री अग्रसेन क्लब द्वारा 11 अप्रैल गुरुवार को 51 महिलाओं का सामूहिक गणगौर उद्यापन अग्रसेन भवन, सपना संगीता रोड, लोटस वाली गली में कराया गया**

विश्व समाज की महिलाओं को व्यापार व्यवसाय में प्रोत्साहित करने के लिए गणगौर मेले का भी आयोजन किया गया। उद्यापन मे 1200 महिलाओं ने भाग लिया

संस्थापक राधा देवी मित्तल, पुष्पा एरन, कमल किशोर गर्ग, उषा राजेश बंसल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ, जिसमें दोपहर मे बाना भी निकल गया गणगौर पूजने की पूरी व्यवस्था रही महिलाओं ने झाले दिए व गणगौर पर गीत गए। 1200 महिलाओं को आकर्षक गिफ्ट दिया गया। साथ ही वहां पर आकर्षक प्रतियोगिताएं हुई। संस्था के संरक्षक निखिल शीतल अग्रवाल, राजेश ऊषा बंसल, प्रयोग शेराली गर्ग, मनीष किरण खजांची, राजेंद्र गोयल (समाधान), पवन सिंघल (क्रेन), सुरेश अग्रवाल (रामपिपलिया), दुर्गेश निशा अग्रवाल, शोभाराम दास गर्ग के मार्गदर्शन में आकर्षक पुरस्कार दिए गये। कार्यक्रम का संचालन संदीप अलका अग्रवाल ने किया आभार शुभम प्रियंका अग्रवाल ने माना।

## जेल में बंदियों से मिलने पहुंचे स्वजनों ने किया हंगामा

**इंदौर।** शहर के केंद्रीय जेल के बाहर गुरुवार दोपहर को बड़ी संख्या में जेल बंदी के परिजनों का जमावड़ा लगा। ईद की छुट्टी होने से बड़ी संख्या में परिजन पहुंचे थे। जेल प्रहरी ने इन्हें मिलने नहीं दिया। इसके बाद परिजन आक्रोशित हो गए और विवाद शुरू हो गया। आक्रोशित स्वजनों ने चक्काजाम करने का भी प्रयास किया। लेकिन जेल प्रशासन ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया। इसके बाद मामला शांत हुआ।

# लातूर हादसे के मृतकों का अंतिम संस्कार, 2 बेटियों और 4 साल के बच्चे की परवरिश करेगा समाज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लातूर (महाराष्ट्र) में हादसे का शिकार हुए जैन समाज के दो व्यापारी और दो कर्मचारियों का गुरुवार को अंतिम संस्कार हुआ। संजय जैन (माजा शट्र्स के संचालक) पीर गली में रहते थे। परिवार में पत्नी पिंकी, बेटे तन्मय (21), मनन (18), माता-पिता व दो भाई हैं। तन्मय पुणे की एक कंपनी के लिए वर्क फ्राम होम कर रहा, जबकि मनन सीए की तैयारी कर रहा।**



परिवार से जुड़े अखिलेश जैन गोपी ने बताया घटना की जानकारी बेटों और पत्नी को सुबह दी गई। तभी से वे रो रही हैं। उनकी हालत देखी नहीं जा रही। संजय को बेटों ने मुखाग्नि दी। परिवार में रेडीमेड की दो दुकानें हैं। यहीं पर संतोष और सचिन काम करते थे।

संजय जैन (माही क्रिएशन के संचालक) माही गली नंबर 4 मल्हारगंज में रहते थे। परिवार में पत्नी रानी जैन के अलावा दो बेटियां माही (20) और रिया (18) हैं। दोनों पढ़ाई कर रही हैं। माही ने कुछ साल पहले रेडीमेड का काम शुरू किया था। घर के नीचे ही रेडीमेड की दुकान है। परिवार से जुड़े नवनीत जैन ने बताया हादसे की जानकारी परिजन को सुबह दी तो माहौल गमगीन हो गया। बड़ी मुश्किल से ढांढस बंधाया। फूट-फूटकर रो रहीं बेटियां बोली पापा के साथ ऐसा नहीं हो सकता। वे धार्मिक व्यक्ति थे। वे तो सुबह आने का बोल रहे थे, क्या ऐसे आते। पिता को दोनों बेटियों ने मुखाग्नि दी।

सचिन जैन (40) की शवयात्रा स्मृति नगर से निकली। सचिन जैन व्यापारी संजय जैन (माजा शट्र्स) कंफर्ट के यहां काम करते थे। परिवार में पत्नी अनिता और चार साल का बेटा सक्षम है। सक्षम रोज पिता से बात करने के बाद सोता था। जब वे टूर पर जाते तो वीडियो कॉल करता था। घटना वाली रात पिता से बात नहीं हुई तो रोने लगा। रिश्तेदारों ने दूसरे से बात करवाकर सुलाया। उसने पिता को मुखाग्नि दी। मुक्तिधाम पर वह बार-बार कहता रहा पापा क्या कार से कूद गए थे।

समाजजन ने बताया संतोष जैन (60) निवासी कमाठीपुरा भी संजय जैन कंफर्ट के यहां पैकिंग का काम करते थे। वे दूर के रिश्ते में चाचा-भतीजे भी लगते थे। उनके परिवार में सिर्फ पत्नी है। हादसे के बाद वह अकेली रह गईं। बड़ी मुश्किल से उन्हें अंतिम संस्कार की विधियां करवाई गईं।

समाज के अखिलेश जैन ने बताया हम लोग विचार कर रहे कि संजय जैन माही और सचिन जैन के परिवार की मदद करेंगे। संजय की दो बेटियां और सचिन के चार साल के बेटे की जिम्मेदारी का निर्णय लेंगे क्योंकि पिता की मौत के बाद उनके घर में कोई सहारा नहीं है। चारों मृतकों को समाज के लोग शनिवार को मोदीजी की नसिया में समूहिक श्रद्धांजलि देंगे। समाज के लोगों ने बताया दोनों व्यापारी धार्मिक प्रवृत्ति के थे। दोनों आष्टा तक विमल सागर जी महाराज को आहार करवाने गए थे।

घटना से व्यापारी स्तब्ध हैं। अक्षय जैन ने बताया हमें व्यापार करने और ऑर्डर दिखाने बाहर जाना पड़ता है। बिना माल दिखाए बाहर के व्यापारी माल नहीं खरीदते। बाहर जाकर माल दिखाने पर क्वालिटी और रेट के हिसाब से ज्यादा ऑर्डर मिल सकते हैं। हादसे में चारों की मौत के बाद सभी को चिंता है कि व्यापारी अब टूर पर कैसे जाएं।

# राजनाथ बोले-कांग्रेस जंग लगा लोहा, भाजपा 24 कैरेट सोना

## रक्षामंत्री ने कहा- हम जो कहते हैं, वो करते हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा-सतना। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस को जंग लगा लोहा कहा। वे सतना में बोले, ह्यकांग्रेस के पास 50 साल का समय कम था, जो ये भारत को शिखर तक नहीं ले जा सके। भाजपा 24 कैरेट सोना है। हम जो कहते हैं, वो करते हैं। हम भारत को विश्व की अर्थशक्ति बनाएंगे।**

राजनाथ ने यह बात गुरुवार को सतना के नागौद में कही। उन्होंने अगोल मैदान में लोकसभा प्रत्याशी गणेश सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। इससे पहले रक्षा मंत्री रीवा के मऊगंज पहुंचे थे। यहां उन्होंने देवतालाब विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा के लिए वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा, ह्यमध्यप्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं रहा। देश के विकास का जो चक्का मोदी जी के नेतृत्व में घूम रहा है, उसमें ग्रोथ इंजन की भूमिका मध्यप्रदेश निभा रहा है।

### राजनाथ के भाषण की 5 खास बातें...

**योजनाएं गिनाने में घंटों निकल जाएंगे** : कांग्रेस कहती है कि सरकार ने 6 हजार रुपए किसानों को दे दिया, कौनसी बड़ी बात हो गई? लेकिन 2 हजार रुपए नहीं होते हैं तो किसान खाद-बीज नहीं खरीद पाते। मोदी जी पैसे दे रहे हैं तो इसमें क्या दिक्कत है। ये तो एक योजना है। मैं हमारी योजनाएं गिनाना शुरू करूंगा तो घंटों निकल जाएंगे।



**वन नेशन-वन चुनाव होना चाहिए** : कुछ समय पहले विधानसभा चुनाव हुए, मध्यप्रदेश की जनता ने भाजपा को प्रचंड बहुमत से जिताया। अब फिर चार महीने बाद चुनाव हो रहे हैं। फिर वोट करना पड़ेगा। एक देश, एक चुनाव होना चाहिए। मैंने प्रधानमंत्री जी से इस बारे में बात की थी। 5 साल में देश में दो से ज्यादा चुनाव नहीं होने चाहिए।

**गलत कहूंगा तो अखबार में छाप देना** : अमेरिका के राजदूत ने कहा है कि अगर आप भविष्य में काम करना चाहते हैं तो भारत आएं। भाजपा ने आज तक जनता की आंखों में धूल झोंककर राजनीति नहीं की। कुछ गलत कहूंगा तो अखबार में छाप देना। हम जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं।

**हिंदू-मुसलमान में भेदभाव नहीं करते** : हम रामराज्य किसे कहते हैं, जब अधिकार बोध की बजाय कर्तव्य का बोध हो। लोग कहते हैं कि भाजपा वाले हिंदू-मुसलमान की बात करते हैं। हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई, हम किसी से भेदभाव नहीं करते। हम सबको साथ में लेकर चलने पर विश्वास करते हैं।

**भारत दुनिया में 5वें स्थान पर पहुंचा** : धन-दौलत, इकोनॉमी के मामले में हमारा भारत दुनिया में 11वें स्थान पर था। आज वही भारत दुनिया में 5वें स्थान पर है। 2024 के खत्म होते ही हम टॉप 3 कंट्री में आकर खड़े हो जाएंगे। विश्व की कोई आर्थिक शक्ति बनेगा तो वो भारत बनेगा।

# फोन पर बात करती थी, हाथ काटकर ले गया पति

## पत्नी बोली- वो शक करता था, पैर पर भी कुल्हाड़ी मारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अशोकनगर। अशोकनगर में एक शख्स अपनी पत्नी का हाथ काटकर ले गया। उसने महिला के पैर पर भी कुल्हाड़ी से वार किया। चीख सुनकर बच्चे जाग गए तो वो भाग निकला। मामला बुधवार-गुरुवार की देर रात करीब 2 बजे का है। पत्नी के मोबाइल फोन पर बात करने की वजह से आरोपी को उसके चरित्र पर शक था।**

पुलिस के मुताबिक, बरखेड़ी गांव की मिथिलेश बाई (35) की शादी करीब 16 साल पहले कमल अहिरवार (36) से हुई थी। कमल एक पैर से दिव्यांग है। दंपती के 2 बेटे और 2 बेटियां हैं। सबसे बड़ी बेटी की उम्र 11 साल जबकि सबसे छोटा बेटा 5 साल का है। सभी अशोकनगर की जगदंबा कॉलोनी में रहते हैं। मिथिलेश ने पुलिस को बताया कि शादी के बाद सब ठीक चल रहा था लेकिन कुछ दिन से कमल उस पर शक करने लगा।

### सर्चिंग में नहीं मिला महिला का हाथ

पुलिस ने वारदात के बाद करीब 3 घंटे तक दंपती के घर के आसपास एक किलोमीटर के दायरे में सर्चिंग की। दोपहर में थाना प्रभारी रवि प्रताप चौहान पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और रेलवे पटरी किनारे, झाड़ियों और नाली में भी खोजबीन की लेकिन मिथिलेश का हाथ नहीं मिला।

**पुलिस ने अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया-** मिथिलेश ने कहा कि बुधवार को सभी खाना खाकर सो गए। रात करीब 2 बजे पति ने कुल्हाड़ी उठाई और उसके हाथ पर वार कर दिया। दूसरा वार मिथिलेश के पैर पर किया, जिससे उसकी चीख निकल गई। चीख सुनकर बच्चे नींद से जाग गए तो कमल कटा हुआ हाथ लेकर भाग गया। उसने बताया कि बच्चे उसे कुछ दूर तक चलाकर ले गए। फिर पुलिस आ गई। पुलिस ने उसे अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया।

### एक हाथ से दिव्यांग है पीड़ित महिला

मिथिलेश ने बताया कि जब वह 11 साल की थी, तब गिरने से उसका बायां हाथ फ्रैक्चर हो गया था। उस समय परिजन ने देसी उपचार करवाया। हाथ के चारों ओर लकड़ियां बांध दी थीं। इससे हाथ सही होने की बजाय टेढ़ा हो गया। तभी से वह एक हाथ से सारा काम करती थी। वह घरों में साफ-सफाई का काम करके अपने 4 बच्चों का पेट पाल रही थी। कोरोनाकाल से पहले सभी गांव में रहते थे, जहां अक्सर विवाद होता था। इससे बचने के लिए जगदंबा कॉलोनी में प्लॉट खरीदकर घर बनाया है।

### रिश्तेदारों से बात करने पर शक करता था पति

मिथिलेश का कहना है कि वह पति कमल के सामने अपने रिश्तेदारों से मोबाइल पर बात करती थी। इसी को लेकर पति शक होता था। देहात थाना प्रभारी रवि प्रताप चौहान ने बताया कि रात के समय युवक ने उसकी पत्नी का हाथ काट दिया और उसे लेकर भाग गया। मामला दर्ज कर लिया है।

# गाय-बैल के कारोबार से दूर रहें मुस्लिम

## ईद पर मौलाना की नसीहत, कहा- सोशल मीडिया पर भी अपनी छवि खुद बदलनी होगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में ईद-उल-फितर उल्लास के साथ मनाई गई। प्रदेशभर की मस्जिदों में रोजेदारों ने नमाज अदा की। इसके बाद तकरीर (प्रवचन) हुई। राजधानी भोपाल की ताजुल मसाजिद में हजरत मौलाना प्रोफेसर मोहम्मद हस्सान खान ने मुसलमानों से गाय-बैल के कारोबार से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर बनाई जा रही मुसलमानों की छवि पर भी चिंता व्यक्त की।**



प्रोफेसर मोहम्मद हस्सान ने हिंदू-मुस्लिम एकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी गैर मुसलमानों के साथ राब्ता (मेल-मिलाप) रखें। साथ उठें-बैठें, ताकि किसी भी तरह से हिंदू-मुस्लिम एकता पर कोई गलत प्रभाव न पड़े। मुसलमान गाय-बैल के कारोबार से बचेंउन्होंने कहा, सोशल मीडिया पर मुसलमानों की जो छवि फैलाई जा रही है, हमें खुद उसे बदलना होगा। तकरीर के बाद दुआ में उन्होंने प्रदेश और देश की तरक्की और अमन शांति के लिए भी दुआ की। उन्होंने लोगों से ताजुल मसाजिद के इतिहास के बारे में भी बताया।

### सबसे पहले ईदगाह में हुई नमाज

शहर में ईद-उल-फितर का त्योहार हर्ष और उल्लास से मनाया जा रहा है। लाखों बंदे रब की बंदगी में सजदा कर रहे हैं। मुल्क की तरक्की और खुशहाली के साथ अमन-चैन की सामूहिक रूप से दुआ मांग रहे हैं। खुशियों का यह सिलसिला 3 दिन चलेगा। परंपरा के तहत कई बंदे शहर के कब्रिस्तानों में जाकर फातिहा पढ़ रहे हैं। भोपाल में सबसे पहले ईदगाह में सुबह 7:15 बजे ईद की नमाज अदा हुई। यहां शहर काजी सैयद मुश्ताक अली नदवी ने नमाज अदा कराई। इसके बाद शहर की अन्य मस्जिदों में ईद की नमाज हुई। ताजुल मसाजिद में तकरीर में हिंदू मुस्लिम एकता पर जोर दिया गया। मस्जिद के इतिहास पर भी बात की गई। इसके बाद बंदों ने गले मिलकर ईद मुबारक कहा।

### ईदगाह पर एक लाख लोगों ने अदा की नमाज

ईदगाह हिल्स मस्जिद ग्राउंड की कैपेसिटी 55 हजार लोगों के बैठने की है। ईद के मौके पर ईदगाह, ईद मस्जिद और उसके ग्राउंड में 3 तरफ की सड़कों पर बैठकर तकरीबन 1 लाख लोगों ने नमाज अदा की। उन्होंने बताया कि भोपाल की ताजुल मसाजिद में नमाजियों की बैठने की क्षमता करीब 28 हजार है। यहां अंदर के दोनों मैदान में 30 हजार से ज्यादा लोगों ने ईद की नमाज पढ़ी।

# ईद के पहले घर नहीं आई तो चाकुओं से गोदा

## पत्नी गंभीर, बड़ी बहन की मौत, आरोपी गिरफ्तार, ईद पर बहनों के साथ घूमने आई थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर में पत्नी और बच्चों के मायके जाने से खफा पति ने चाकुओं से हमला कर दिया। इसमें पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि उसकी बड़ी बहन की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पति इमरान पत्नी नाजिया को मनाने के लिए तीन दिन तक लगातार मायके के चक्कर काटता रहा, घर चलने के लिए मनाता रहा। पत्नी के नहीं मानने पर मंगलवार की रात को पति इमरान ससुराल पहुंचा और जबरन उसे घर ले जाने लगा। महिला के विरोध करने पर इमरान (30) ने चाकू निकाला और हमला कर दिया। घटना में पत्नी नाजिया (27) के दोनों हाथ और पैरों में चोट आई। छोटी बहन की चीख सुनकर बड़ी बहन बचाने आई तो आरोपी इमरान ने उस पर भी चाकू से हमला कर दिया। घटना में गुंजा (32) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नाजिया की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसका मेडिकल कॉलेज में इलाज जारी है। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी इमरान फरार हो गया है, जिसे पुलिस ने बुधवार की रात को गिरफ्तार कर लिया है।

**कुछ दिन पहले हुआ था गर्भपात-** हनुमानताल के हड्डी गोदाम क्षेत्र में रहने वाली नाजिया का 10 माह पहले लार्डगंज थाना के ईदगाह के पास रहने वाले इमरान से विवाह हुआ था। पेशे से फर्नीचर का काम करने वाला इमरान ईदगाह के पास किराए का मकान लेकर रह रहा था। करीब 12 दिन पहले नाजिया का गर्भपात हो गया, जिसके कारण वह थोड़ा बीमार रहने लगी थी। बड़ी बहन गुंजा उर्फ आयशा ने छोटी बहन को यह कहते हुए अपने पास आने को कहा कि शादी के बाद ईद का पहला त्योहार है, यहां आ जाओ सब साथ में रहेंगे। शुक्रवार को जब इमरान काम पर गया था, तो नाजिया ने फोन पर उससे इतना बोला कि मैं अम्मी के पास जा रही हूं, इतना बोलकर नाजिया अपनी मां के घर हड्डी गोदाम आ गई। शुक्रवार रात को इमरान नाजिया से मिलने उसके घर पहुंचा तो नाजिया ने कहा कि दो दिन यहां रूक लेती हूं, फिर आ जाऊंगी। नाजिया की बात सुनने के बाद इमरान वापस चला गया। रविवार रात इमरान फिर से नाजिया के पास पहुंचा तो नाजिया ने जाने से मना कर दिया, काफी देर तक वो मनाता रहा, पर जब वह नहीं मानी तो गुस्सा होकर यह कहते हुए चला गया कि अब नहीं आऊंगा।

# संपादकीय

## पारदर्शिता और निष्पक्षता की उम्मीद

ऐसी अनेक घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें तृणमूल कार्यकर्ताओं और नेताओं पर दबंगई के आरोप हैं। हालांकि भाजपा जिस तरीके से अपना राजनीतिक प्रभाव जमाना चाहती है, वह भी आरोपों से मुक्त नहीं है। मगर चूंकि कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्य सरकार पर है, इसलिए उससे पारदर्शिता और निष्पक्षता की उम्मीद अधिक की जाती है। संदेशखाली को लेकर छिड़े विवादों को अगर राज्य सरकार ने निष्पक्ष होकर निपटा लिया होता, तो अदालत को सीबीआइ जांच का आदेश देना ही न पड़ता। अगर अदालत किसी आपराधिक मामले की जांच केंद्रीय एजंसी को सौंप दे तो उससे यही संदेश जाता है कि उस मामले को सुलझाने में राज्य सरकार नाकाम रही या उस पर भरोसा नहीं रह गया है। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के उत्पीडन और जमीन कब्जा करने के मामले में वहां के उच्च न्यायालय ने केंद्रीय जांच ब्यूरो से जांच कराने का आदेश दिया है। इससे राज्य सरकार पर कमजोर हुए भरोसे का संदेश जाता है। हालांकि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस इस मामले को भाजपा की रची साजिश बता रही है। इस वर्ष जनवरी से ही संदेशखाली विवादों में घिरा हुआ है। राशन घोटाला मामले में जांच के लिए प्रवर्तन निदेशालय का दल तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के घर पहुंचा तो उस पर पथराव किया गया, जिसमें कई कर्मचारी घायल हो गए। उसके बाद वहां की महिलाओं ने आरोप लगाया कि शाहजहां शेख के लोग महिलाओं को घर से उठा कर ले जाते और उनका यौन शोषण करते हैं। उन्होंने कई भूखंडों पर जबरन कब्जा कर लिया है। इसे लेकर महिलाएं पिछले करीब दो महीने से आंदोलन कर रही हैं। हालांकि राज्य सरकार ने मामले की जांच कराई, पर उसमें कोई भी आरोप साबित नहीं हो पाया। उसके बाद वहां भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच सियासी आरोप-प्रत्यारोप चल रहे हैं। कोलकाता उच्च न्यायालय ने इस मामले का स्वत: संज्ञान लिया था। पहले उसने राज्य सरकार से स्थिति रिपोर्ट मांगी, पर उसमें तमाम आरोपों का सिरे से खंडन ही किया गया था। राज्य महिला आयोग और पुलिस की महिला शाखा की रिपोर्टें राज्य सरकार की दलीलों को सही ठहरा रही हैं, मगर राष्ट्रीय महिला आयोग इसके उलट तस्वीर पेश कर रहा है। स्वाभाविक ही, अदालत ने मामले की जांच सीबीआइ से कराना उचित समझा है। अब संदेशखाली को लेकर राजनीतिक रस्साकशी कुछ अधिक बढ़ गई है। इसे लेकर भाजपा जहां ममता सरकार पर निशाना साध रही है, वहीं ममता बनर्जी का कहना है कि संदेशखाली आरएसएस का गढ़ बन चुका है और वही ऐसे बेबुनियाद विवाद पैदा कर रहा है। जाहिर है, इस आरोप-प्रत्यारोप के बीच हकीकत सामने नहीं आ पा रही।

**Quote...**

"The greatest glory in living lies not in never falling, but in rising every time we fall."

-Nelson Mandela



### ओशो कहिन

**तुम दुनिया में रहो, मगर दुनिया तुम्हारे अंदर नहीं रहनी चाहिए।**

**महिला जगत**

# नौ भारतीय उद्योगपति महिलाएं, जो बड़ी कंपनियों का संभाल रही हैं कार्यभार

चैत्र नवरात्रि 9 अप्रैल से शुरू हो गए हैं। नवरात्रि देवी मां की उपासना का पर्व है। नारी शक्ति का प्रतीक है। हर नारी में देवी मां का कोई न कोई स्वरूप समाहित होता है। मां अन्नपूर्णा से लेकर जगत जननी, लक्ष्मी स्वरूपा और मां सरस्वती समेत मां के सभी स्वरूपों को एक महिला में देखा जा सकता है। नवरात्रि का पर्व मनाने का केवल धार्मिक महत्व नहीं। इसका सामाजिक कारण महिलाओं के देवी स्वरूप को सम्मान देना और उनके महत्व को समझना है।

भारत की नारी की बात करें तो वह एक गृहणी के रूप में घर परिवार संभालती हैं, घर से बाहर कई क्षेत्रों में अहम भूमिका में हैं। राजनीति से मनोरंजन, खेल से उद्योग जगत तक महिलाएं हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। कई दिग्गज महिलाएं व्यापार और औद्योगिक जगत में अपना परचम लहरा रही हैं और उच्च पदों पर कार्यरत हैं। आइए जानते हैं 9 उद्योगपति महिलाओं के बारे में, जो बड़ी कंपनियों में हैं उच्च पदों पर।

**विनीता सिंह**– टीवी रियलिटी शो शार्क टैंक इंडिया में जज के तौर पर विनीता सिंह को देखा होगा। विनीता सिंह शुगर कॉस्मेटिक कंपनी की सीईओ और सह संस्थापक हैं। शुगर कॉस्मेटिक एक ब्यूटी ब्रांड है। विनीता सिंह ने आईआईटी मद्रास और आईआईएम अहमदाबाद से डिग्री हासिल की है। इसके बाद उन्हें एक करोड़ रुपये की जॉब ऑफर का प्लेसमेंट मिला, लेकिन विनीता सिंह ने इस जॉब ऑफर को ठुकरा कर अपनी कॉस्मेटिक कंपनी शुगर कॉस्मेटिक की शुरुआत की। पति कौशिक मुखर्जी के साथ मिलकर बिजनेस की शुरुआत की।

**नमिता थापर**– एमक्योर फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड की सीईओ नमिता थापर एक पेशेवर व्यवसायी हैं। नमिता थापर शार्क टैंक इंडिया रिएलिटी शो में जज के तौर पर नजर आईं थीं। नमिता इनक्रेडिबल वेंचर्स लिमिटेड की संस्थापक और सीईओ भी हैं। पुणे से ग्रेजुएशन करने के बाद नमिता ने आईसीएआई से चार्टर्ड अकाउंट की डिग्री हासिल की। नॉर्थ कैरोलिना स्थित ड्यूक यूनिवर्सिटी से एमबीए की पढ़ाई पूरी की और फार्मास्युटिकल्स कंपनी का संचालन शुरू किया।

**फाल्गुनी नायर**– नायका एक ब्यूटी स्टार्टअप है, जिसकी फाउंडर और सीईओ फाल्गुनी नायर हैं। नायका के प्रोडक्ट को लगभग हर लड़की जानती है और इस्तेमाल करती हैं। फाल्गुनी ने मुंबई विश्वविद्यालय और आईआईएम अहमदाबाद से पढ़ाई पूरी की। उसके बाद एएफ फर्ग्यूसन एंड कंपनी से करियर की शुरुआत की। कोटक महिंद्रा इन्वेस्टमेंट बैंक में 18 साल प्रबंध निदेशक के पद और कोटक सिक्योरिटीज में निदेशक के पद पर भी कार्यरत रहीं। फिर फाल्गुनी ने नायका की शुरुआत की।



**लीना नायर**– फ्रांस के प्रसिद्ध फैशन और लग्जरी ब्रांड चैनल की सीईओ एक भारतीय महिला है, जिनका नाम लीना नायर है। लीना नायर महाराष्ट्र के कोल्हापुर की रहने वाली हैं। साल 2013 में लंदन शिफ्ट होने के बाद उन्होंने यहीं से यूनिलीवर में चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर के पद पर कार्य किया। बाद में चैनल की सीईओ बनीं।

**अंजली सूद**-भारतीय महिला अंजली सूद वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म 'Vimeo' की सीईओ हैं। अंजली ने साल 2005 में पेन्सिलवेनिया यूनिवर्सिटी के व्हार्टन स्कूल से बीएससी की पढ़ाई पूरी करने के बाद 2011 में हार्वर्ड से एमबीए किया। बाद में वीमियो में मार्केटिंग डायरेक्टर के तौर पर कार्यरत रहीं।

**नेहा कांत**– नेहा कांत एक ऐसे ब्रांड की फाउंडर हैं, जो भारत की महिलाओं के बीच काफी लोकप्रिय है। अंडरगार्मेंट्स के लिए मशहूर ब्रांड की संस्थापक और चीफ रेवन्यू ऑफिसर नेहा कांत कॉर्पोरेट इंडिया में एक दशक से अपने अनुभव के बाद एफसीबी उल्का और एक मीडिया ग्रुप में काम किया। नेहा ने भारतीय इंटिमेट वियर बाजार में अच्छी फिटिंग, आरामदायक और फैशनेबल अंडरवियर के अभाव को समझते इसकी कमी को दूर करने के लिए खुद से शुरुआत करने का फैसला लिया। उनका कंपनी एक मशहूर ब्रांड में बदला, जहां ग्राहकों को स्टैंडर्ड कट, शेप और रंग के मुताबिक उत्पाद चुनने में मदद मिली।

**रोशनी सनाह जायसवाल**– दिल्ली की रहने वाली रोशनी सनाह जायसवाल एक स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी कंपनी की सीईओ हैं। रोशनी लगभग दो दशकों से खाद्य और पेय उद्योग से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने साल 2000 में बैंगलोर का पहला और भारत का पहला लाउंज बार खोला। 2002 में उनकी कंपनी बैंगलोर के तीन रेस्तरां चेन को खोलने के लिए उत्तरदायी थीं। वर्ष 2003 में रोशनी और उनकी टीम ने दिल्ली के कुतुब क्षेत्र में मशहूर बार को शुरू किया। वहीं कोरोना काल में उन्होंने स्वास्थ्य और सुरक्षा दृष्टि से जुड़े उत्पादों को एक कंपनी के अंतर्गत लॉन्च किया।

**मेधा सिंह**– श्रीमती मेधा सिंह एक हर्बल ब्रांड कंपनी की सीईओ हैं। इस कंपनी के प्रोडक्ट्स आयुर्वेद और सौंदर्य चिकित्सा से संबंधित हैं। इस कंपनी का क्लीनिकल ट्रीटमेंट आयुर्वेदिक कॉन्सेप्ट पर आधारित है, जो प्रशिक्षित सौंदर्य शास्त्रियों और विशेषज्ञों द्वारा बड़े पैमाने में त्वचा और बालों संबंधित समस्या से निपटने के लिए उपयोग में लाया जाता है।

**गजल अलख**– गजल अलख ने पति विरुण अलख के साथ मिलकर कंपनी की शुरुआत की। उन्हें इस कंपनी और उत्पाद का विचार उनके पहले बच्चे के जन्म के बाद मिला। उन्होंने अपने बच्चे के लिए रसायन मुक्त प्रोडक्ट्स की तलाश शुरू की तो उन्हें भारत में आसानी से ऐसा कोई उत्पादन नहीं मिला, विदेश से प्रोडक्ट के आयात में समय और पैसा दोनों ही अधिक लगता रहा। शिशुओं और माताओं के लिए इस उत्पादन की आवश्यकता को महसूस करने के लिए कंपनी बनाने का फैसला लिया।

New Delhi

# तपती गर्मी के बीच IMD ने दी गुड न्यूज, बारिश और बर्फबारी का अलर्ट, तूफान की भी संभावना

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** तपती गर्मी के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने राहत की खबर दी है। आईएमडी के द्वारा अगले दो दिनों के दौरान जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी और बारिश की चेतावनी जारी की गई है। आईएमडी ने इन राज्यों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आईएमडी का अनुमान है कि 13 और 14 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश और बर्फबारी हो सकती है। वहीं, आईएमडी ने ओडिशा के लिए हीटवेव का भी अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि



11-13 अप्रैल के दौरान मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, विदर्भ, मराठवाड़ा और मध्य महाराष्ट्र में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके अलावा 11-13 अप्रैल के दौरान पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, बिहार और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में गरज के साथ हल्की बारिश के आसार बन रहे हैं। इस दौरान बिजली गिरने की भविष्यवाणी की गई है।

आईमडी ने कहा है कि 11-15 अप्रैल तक तेलंगाना, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में अलग-अलग जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। वहीं, 13-15 अप्रैल तक उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में जबकि 11-15 अप्रैल तक राजस्थान में गरज, बिजली और तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है।

Uttarpradesh

## काशी विश्वनाथ मंदिर में पुजारी के वेश में पुलिसकर्मियों की तैनाती पर भड़के अखिलेश यादव, कह दी ये बात



**वाराणसी, (एजेंसी)** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में पुजारियों की पोशाक में पुलिसकर्मियों को तैनात करने पर आपत्ति जताई है. उन्होंने उस अधिकारी को निलंबित करने की मांग की जिसने मंदिर में पुजारियों की पोशाक में पुलिसकर्मी तैनात करने का आदेश दिया. अखिलेश ने उसके इस कृत्य को निंदनीय बताया है. दरअसल, वाराणसी पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल के आदेश पर मंदिर में पुजारी की पोशाक में पुरुष और महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है. जहां पुरुष पुलिसकर्मी धोती-कुर्ता पहने हुए हैं, वहीं महिला पुलिसकर्मी सलवार कुर्ता पहने हुए हैं. इस प्रणाली पर सवाल उठाते हुए अखिलेश यादव ने सरकार और प्रशासन पर निशाना साधा है. अखिलेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि 'पुजारी के वेश में पुलिसकर्मियों का होना किस 'पुलिस मैन्युअल' के हिसाब से सही है? इस तरह का आदेश देने वालों को निलंबित किया जाए. कल को इसका लाभ उठाकर कोई भी ठग भोली-भाली जनता को लूटेगा तो उत्तर प्रदेश शासन-प्रशासन क्या जवाब देगा. निंदनीय है ये.' बता दें कि काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या रिकॉर्ड तोड़ बढ़ती जा रही है. इसको लेकर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से बड़ा फैसला लिया गया है. जिसके तहत काशी विश्वनाथ के गर्भगृह में पुलिसकर्मियों की ड्रेस पुजारियों की तरह ही होगी.

Jharkhand

## चुनाव से पहले झारखंड पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 15 नक्सलियों का सरेंडर; दो महिलाएं और नाबालिग भी शामिल

**चाईबासा (जमशेदपुर), (एजेंसी)** लोकसभा चुनाव से पहले झारखंड पुलिस ने नक्सलियों की कमर तोड़ने में एक और सफलता पाई है। सरकार की प्रत्यर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर 15 नक्सलियों ने गुरुवार को सरेंडर कर दिया। ये सभी नक्सली एक करोड़ के इनामी नक्सली नेता मिसिर बेसरा उर्फ सागर जी और पतिराम मांझी उर्फ अनल दा के मारक दस्ते में शामिल थे। चाईबासा पुलिस केंद्र में पुलिस अधिकारियों के समक्ष हथियार डालने वालों में दो महिला और एक नाबालिग नक्सली भी हैं।

कोल्हान डीआईजी मनोज रतन चोथे ने बताया कि सरेंडर करने वाले सभी नक्सली मिसिर बेसरा के दिशा-निर्देश पर विभिन्न घटनाओं को अंजाम देने में शामिल रहे हैं। इनपर टोंटो, गोईलकेरा, नोवामुंडी समेत विभिन्न थानों में विध्वंसक कार्रवाई और आर्म्स एक्ट के मामले चल रहे हैं। चोथे ने यह भी कहा कि चूंकि, ये सभी नक्सली पश्चिमी सिंहभूम के रहने वाले हैं। इसलिए कोल्हान एवं सारंडा के सुदूर जंगली और पहाड़ी इलाकों के चप्पे-चप्पे की जानकारी है। नक्सली सोनू चांपिया गुरिल्ला वार में माहिर है।

Bihar

## एसीबी टीम ने 776 करोड़ के घोटाले के आरोप में पूर्व आईपीएस अधिकारी को बिहार से किया गिरफ्तार

**गोपालगंज, (एजेंसी)** बिहार के गोपालगंज में छत्तीसगढ़ की एसीबी टीम ने पूर्व आईपीएस अधिकारी अरुणपति त्रिपाठी को गिरफ्तार किया है। वह जनवरी महीने से फरार चल रहे थे। छत्तीसगढ़ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बिहार पुलिस की मदद से गोपालगंज के भोरे थाना क्षेत्र के सिसई गांव में छापेमारी की। इसके बाद पूर्व आईपीएस अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया। गोपालगंज के एसपी स्वर्ण प्रभात ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ के भिलाई निवासी प्रकाश पति त्रिपाठी के पुत्र अरुणपति त्रिपाठी छत्तीसगढ़ में अबकारी विभाग के पूर्व विशेष सचिव रह चुके हैं। उनपर नौकरी में रहते हुए 776 करोड़ का शराब घोटाला करने का आरोप लगा है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि छत्तीसगढ़ में अबकारी विभाग के पूर्व विशेष सचिव रहे अरुण पति त्रिपाठी पर शराब घोटाला का मामला दर्ज है। छत्तीसगढ़ पुलिस की मानें तो अरुणपति त्रिपाठी नौ माह तक जेल में रहने के बाद बाहर निकले थे और बीते जनवरी माह से ही मोबाइल बंद कर फरार चल रहे थे। इन पर ईडी ने भी केस दर्ज कर रखा है। जनवरी से छत्तीसगढ़ पुलिस और ईडी की टीम इनकी तलाश कर रही थी। इसी बीच टीम को सूचना मिली कि अरुणपति त्रिपाठी गोपालगंज में छिपे थे। इसके बाद छत्तीसगढ़ पुलिस ने बिहार पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद आरोपी अरुणपति त्रिपाठी को गिरफ्तार कर लिया गया।

सिनेमा

## 'हीरामंडी' में मनीषा-सोनाक्षी ने पहनी बेशकीमती पोशाक, बनाने में लगे दो साल! जानें कौन है डिजाइनर



संजय लीला भंसाली की 'हीरामंडीः डायमंड बाजार' सीरीज की हर ओर चर्चा है. जब से इसका ट्रेलर रिलीज हुआ है, फैंस जमकर अपनी एक्साइटमेंट शो कर रहे हैं. हो भी क्यों ना 'हीरामंडी' में स्टार कास्ट के लुक्स से लेकर बैकग्राउंड थीम-म्यूजिक और सेट पर करीने से काम किया गया है. संजय अपनी स्टार कास्ट के लुक्स को लेकर खासतौर से अलर्ट रहते हैं. इस मल्टी स्टारर सीरीज के लिए भंसाली ने स्पेशली कई आउटफिट्स डिजाइन करवाए हैं. आप जानकर हैरान हो जाएंगे कि इन ड्रेसेज की कीमत करोड़ों में हैं. और सभी एक्सक्लुसिव हैं. 'हीरामंडी' में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, शरमीन सहगल और फरीदा जलाल जैसी बड़ी एक्ट्रेसेज हैं. हर किसी का अंदाज एकदम अलहदा है. हर एक्ट्रेस का लुक बेहद रॉयल है. इतना कि आपको अपनी नजरें हटाना मुश्किल हो जाएगा. इन आउटफिट्स को डिजाइनर जोड़ी रिंपल और हरप्रीत ने डिजाइन किया है. उन्होंने 'हीरामंडी' के लिए तकरीबन 300 अनारकली तैयार किए. दोनों पिछले दो साल से इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं. सेलिब्रिटी डिजाइनर रिंपल और हरप्रीत ने ही संजय की फिल्म पदमावत के लिए भी आउटफिट्स डिजाइन किए थे. हाल ही में उन्होंने 14 मिस वर्ल्ड फाइनलिस्ट के लिए भी कपड़े डिजाइन किए थे.

खेल

मुंबई इंडियंस ने पकड़ी जीत की रफ्तार...

## जसप्रीत बुमराह के बाद सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन का कहर, RCB को रौंदा

**मुंबई। आईपीएल 2024 के 25वें मैच में मुंबई इंडियंस ने सात विकेट से आरसीबी के खिलाफ जीत दर्ज की। एमआई अपनी दूसरी जीत के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गई है। वहीं, आरसीबी नौवें पायदान पर बनी है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बेंगलुरु ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 196 रन बनाए। इसके जवाब में मुंबई ने 15.3 ओवर में तीन विकेट खोकर 199 रन बनाए।**

197 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई को ईशान किशन और रोहित शर्मा ने दमदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी हुई। ईशान किशन ने इस मैच में 202.94 के स्ट्राइक रेट से सात चौके और पांच छक्के लगाए। वह 69 रन बनाकर आउट हुए।



वहीं, हिटमैन 38 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उन्हें विल जैक्स ने 12वें ओवर में रीस टॉप्ली के हाथों कैच कराया।

मुंबई के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए सूर्यकुमार यादव ने विस्फोटक प्रदर्शन किया। उन्होंने महज 17 गेंदों में पचासा ठोका। स्टार बल्लेबाज ने 273.68 के स्ट्राइक रेट से 52 रनों की दमदार पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से पांच चौके और चार छक्के निकले। उन्हें विजयकुमार विशक ने लोमरोर के हाथों कैच कराया। इसके बाद हार्दिक पांड्या और तिलक वर्मा ने पारी को संभाला और टीम को जीत दिलाई। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 23 रन की नाबाद साझेदारी हुई। कप्तान ने छह गेंदों में तीन छक्कों की मदद से 21 रन बनाए। वहीं, तिलक वर्मा ने 10 गेंदों में 16 रन बनाए। आरसीबी के लिए आकाश दीप, विजयकुमार विशक और विल जैक्स ने एक-एक विकेट हासिल किया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी बेंगलुरु के लिए फाफ डुप्लेसिस ने सर्वाधिक रन बनाए। उन्होंने 61 रनों की दमदार पारी खेली। वहीं, रजत पाटीदार ने अर्धशतक लगाया। इस मैच में विराट कोहली सिर्फ तीन रन बना सके। उन्हें बुमराह ने 14 रन के स्कोर पर अपना शिकार बनाया। तेज गेंदबाज ने आईपीएल में पांचवीं बार कोहली को आउट किया। टीम को दूसरा विकेट विल जैक्स के रूप में लगा। अपने डेब्यू मैच में जैक्स सिर्फ आठ रन बना सके। उन्हें आकाश माधवाल ने 23 रन के स्कोर पर आउट किया। इसके बाद फाफ डुप्लेसिस और रजत पाटीदार के बीच तीसरे विकेट के लिए 82 रन की विशाल साझेदारी हुई, जिसे गेराल्ड कोएत्जी ने तोड़ा। उन्होंने इम्पैक्ट खिलाड़ी के तौर पर आए पाटीदार को विकेटकीपर के हाथों कैच आउट कराया। वह अर्धशतकीय पारी खेलकर आउट हुए। इस दौरान उन्होंने 192.30 के स्ट्राइक रेट से तीन चौके और चार छक्के लगाए। इसके तुरंत बाद ग्लेन मैक्सवेल का विकेट गिरा जो शून्य पर आउट हुए। इस सीजन में उनका बल्ला बिल्कुल भी प्रभावशाली नहीं रहा।

## Highlights

1. **Lok Sabha Elections 2024: PM Narendra Modi's campaign schedule**
2. **Indian Army Jawan's hand cut in accident**
3. **Delhi Chief Secretary Naresh booked as NGO claims he stole evidence of scams**
4. **Man cheats woman using Akshay Kumar's name, offers her movie based on Nirbhaya case**
5. **Growing MNC interest in India keeps investment strong: UN report**
6. **18 injured as DTC bus crashes into signage pole in Rajouri Garden**

# TCS hires more than 10,000 freshers from top engineering colleges: Report

**NEW DELHI, (Agency).** TCS hiring: Tata Consultancy Services hired more than 10,000 freshers in its latest recruitment drive, Moneycontrol reported citing people in the know. The IT company has increased its hiring as it remains hopeful of a demand revival this financial year, it added. The company announced last month that it had begun fresher hiring via the National Qualifier Test (NQT) for which the last day to apply was April 10.

Tata Consultancy Services (TCS) announced tests will be held on April 26 and said that it was hiring for three categories- Ninja which offers a package of ₹3.36 lakh per annum for various roles, Digital and Prime which offer an annual package of ₹7 lakh and ₹9-11.5 lakh.

What colleges said on TCS hiring as per the report?




Colleges said students receiving Digital and Prime profiles will be placed for a development role while those in Ninja profiles will be placed in support roles, as per the report.

"In my view it is a very, very welcome move given the current situation, so definitely good students from all the colleges will get a placement with TCS. I think they will be reasonably good numbers, that's what we are expecting," V Samuel Rajkumar, director of Career Development Centre, Vellore Institute of Technology, told Moneycontrol.

VIT students have received a total of 963 offer letters, out of which 103 were for the prime category, he said while S Vaidhyasubramaniam, vice-chancellor of SASTRA University, said 1,300 students at the college have been handed over 2,000 offer letters as per the report.

Earlier, TCS said it planned to add 40,000 freshers in FY24. The company added 22,600 employees in FY23.

# World's largest renewable energy park- 5 times bigger than Paris- now in India. There's a Gautam Adani connection

**NEW DELHI, (Agency).** A narrow airstrip that doesn't even have an air traffic controller to guide incoming airplanes and whose only infrastructure is a portable toilet and a make-shift office in a container in the midst of miles of barren land bordering Pakistan is an unlikely gateway to the world's largest renewable energy park.

The airstrip was even smaller in December 2022, when Adani group head Gautam Adani, who was then the second richest person in the world, first used a small aircraft to reach the barren area that didn't even have a pincode and got its name from a village 80-kilometers away.



The land hardly had any vegetation due to its highly saline soil, leave alone any habitation. But the area with second best solar radiation in the country after Ladakh and wind speeds five times of plains, served as an idle location for a renewable energy park.

An 18-km drive from the airstrip through dusty arid land is the site for his group's Khavda renewable energy park spread over 538 square kilometers (roughly five times the size of Paris).

When Adani first landed at Khavda, he joked if anyone could even find a mosquito in the area, his executives said. But since then, his group has not just laid solar panels that will convert sun rays into electricity and wind mills to harness wind blowing at the speed of 8 meters per second, but also built colonies for workers, put up desalination plants to make saline water pumped out of 700 meters below ground portable and utilities such as mobile phone repair shops.

# अपहरण-बंधक बनाकर की मारपीट, रुपए दिए तो छोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रुपयों के लेनदेन के चलते बिजली विभाग के एक केस में ठेकेदार को बंधक बनाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस मामले में ठेकेदार ने बेटे से 20 हजार रूपये लेकर मारपीट करने वाले व्यक्ति को दिए। इसके बाद उसे छोड़ा गया।**

एफआइआर में ठेकेदार ने यह भी बताया कि मारपीट करने वाले व्यक्ति ने उसे 10 हजार रूपये पहले दिए थे। जो वह वापस मांग रहा था। द्वारकापुरी पुलिस ने ओमप्रकाश इटारे निवासी परिहार कॉलोनी एअरपोर्ट रोड़ की शिकायत पर बंधक बनाकर मारपीट करने ओर रूपये लेने के मामले में तरूण देवड़ा निवासी गोंदवले धाम के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक ओमप्रकाश ने अपनी शिकायत में बताया कि 10 अप्रैल बुधवार को तरूण देवड़ा एमपीईबी के आफिस में मिला। उसने यहां कहा कि मेरे घर का बिजली मामले का पंचनामा करवा देना नही तो 10 हजार रूपये वापस कर देना। इसके बाद तरूण चले गया। तरूण अगले दिन परिहार कॉलोनी में ठेकेदार ओमप्रकाश के घर पहुंचा ओर उसे बातचीत करने का कहकर गोंदवले धाम लेकर आ गया। यहां अंदर कमरे में बंद कर दिया ओर दरवाजा लगा दिया।

इसके बाद तरूण ने लात घूंसे ओर पाईप से बुरी तरह मारपीट कर दी। अंदर कमरे में बंद करके बाहर आ गया। उसने धमकी दी कि बिजली का पंचनामा नही बनवाया तो जान से खत्म कर देगा। काफी देर कमरे के अंदर से माफी मांगने के बाद बेटे अंकित से मोबाइल पर बात कराई। जब अंकित ने तरूण को 20 हजार रूपये दिए तो उसने छोड़ दिया।

## युवक पर हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विजय नगर में एक युवक को आरोपी ने चाकू मारकर घायल कर दिया। बताया जाता है कि रंजिश के चलते उस पर हमला हुआ। वरुण जोदवाल पिता प्रहलाद लोदवाल (25) निवासी बजरंग नगर की शिकायत पर साहिल यादव ते खिलाफ केस दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि आरोपी से उनका पुराना विवाद चल रहा है। कल इसी को लेकर आरोपी ने गाली- गलौज करना शुरू कर दिया। उसने गाली-गलौज के से मना किया तो आरोपी ने उसके साथ में मारपीट करना शुरू कर दिया। चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया। इससे उसके पैर में चोट आई है। दोस्त रितिक बचाने आया तो साहिल ने उसके साथ में भी मारपीट की।

# बाइक चोरी का आरोपी पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पीथमपुर में थाना सेक्टर 1 पुलिस ने एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी बाइक बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा था।**

असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर राजेश सिलोरिया ने बताया सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति आईसर ब्रिज के नीचे एक हौंडा शाइन बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है। सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी संतोष दूधी को अवगत करवा गया। इसके बाद एक पुलिस टीम जिसमें सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिलोरिया, हेड कॉन्स्टेबल विजय सिंह, कॉन्स्टेबल मुकेश ने मौके पर पहुंच घेरा बंदी कर चोर को पकड़ा। पूछताछ में उसने बताया कि बीते दिनों गाड़ी चोरी की थी। 30 मार्च को बन्ना ढाबा सीसी पावर चौराहा से बाइक चोरी हुई थी जिसकी शिकायत थाना सेक्टर 1 पीथामपुर में की गई थी। गुरुवार को यही बाइक आरोपी धर्मेंद्र पिता भूरालाल निनामा जाति भील उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम कावटिया झिरी थाना मानपुर जिला इंदौर के कब्जे से बरामद की गई है। जिसे वह आयशर ब्रिज के नीचे से बेचने की फिराक में था। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है।

# रैपिडो बाइक सवार की जान लेने वाला धराया

### पुलिस ने कई फुटेज तलाशे, काफी दूर तक घसीटते ले गई थी कार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूडिया में रैपिडो बाइक सवार सहित चार लोगों को टक्कर मारने वाली कार को आखिरकार पुलिस ने पकड़ लिया है। ड्रायवर ने रेपिडो बाइक सवार को उस समय अधंगति में टक्कर मारी। जब वह सडक़ पर खड़े होकर कस्टमर से बात कर रहा था। पुलिस ने हादसे के बाद फुटेज तलाशे जिसमें कार सवार टक्कर मारते हुए दिखाई दिया है।**

टीआई तारेश सोनी के मुताबिक एबी रोड़ स्कीम नंबर 78 के सामने जुडियो शोरूम के यहां रतन सूर्यवंशी निवासी नार्थ तोड़ा को एक अधंगति से आ रही कार ने टक्कर मार दी थी। इस हादसे में रतन की मौत हो गई। कार ने रतन को टक्कर मारने के पहले लालू ओर उसके बेटे करण को भी टक्कर मारी थी। दोनों गंभीर घायल हुए थे।

पुलिस ने इस हादसे के बाद घटनास्थल ओर आसपास सीसीटीवी खंगाले। इसमें एक शोरूम के कैमरों में कार कैद हुई। जो रतन की खड़ी बाइक को टक्कर मारते हुए निकली है। इसके बाद पुलिस ने चौराहे के फुटेज निकाले। जिसमें कार का नंबर दिखा। पुलिस ने इस मामले में कार MP09ZB0470 के ड्रायवर को पकड़ा है। आरोपी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। कार विशाल पुत्र हरपाल सिंह सोंलकी निवासी शिखरजी धाम बावडिया जिला देवास चला रहा था। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार किया है।

## साईकिल सवार का मोबाइल लूटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तुकोगंज में साईकिल सवार का मोबाइल बदमाश लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया है। वहीं फुटेज के आधार पर दो संदेहियों को पकड़ भी लिया। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है।**

पुलिस के मुताबिक निजी जॉब करने वाले शेख इकबाल मकसूद निवासी काजी की चाल ने बताया कि 9 अप्रैल की रात 10.45 बजे वह राजवाड़ा से साइकिल से अपने घर की तरफ जा रहा था। तभी रानी सती गेट पर आईसीआईसीआई बैंक के नजदीक मोबाइल हाथ में लेकर बात कर रहा था। उसी दौरान दो लडक़े आए। पीछे बैठे लडक़े ने मोबाइल हाथ से झपटा और आगे बाइक चला रहे लडक़े ने बाइक तेजी से भगा दी। उसने दोनों को पकडऩे के लिये आवाज दी। मदद के लिये कोई नहीं आया। साईकिल से वह कुछ दूरी तक गया। लेकिन आरोपी हाथ नहीं आए। मामले की शिकायत पुलिस से की है। इस पर पुलिस ने फुटेज के आधार पर दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। अभी उनसे पूछताछ की जा रही है।

## पति-पत्नी का सिर फोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। चंदन नगर में एक महिला और उसके पति का रिश्तेदारों ने सिर फोड़ दिया। आरोपी अपने भाई की सगाई की टूट जाने से नाराज थे। वह महिला पर आरोप लगा रहे हैं कि उसने उनके रिश्तेदार को भडका दिया। इस कारण से सगाई टूट गई। सीता पंवार पिता देवनारायण उर्फ पप्पू पंवार (40) निवासी ग्राम सिंहासा की शिकायत पर विनोद, जितेन्द्र, भोला के खिलाफ केस दर्ज किया। उन्होंने पुलिस को बताया कि काका ससुर के मेरे काका ससुर के लडके की सगाई टूटने की बात को लेकर आरोपी उससे विवाद करने लगे। उनका कहना था कि सीता ने रिश्तेदारों से चुगली की। इसी बात को लेकर उनके बीच में विवाद बढ़ गया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। इस दौरान उनके साथ भी वहां पर आ गए। आरोपियों ने उसके साथ में मारपीट कर दी। इस दौरान पास ही में पड़ा पत्थर से उसके सिर पर मार दिया। जिससे चोट आई है। पति देवनारायण उर्फ पप्पू ने बीच बचाव किया तो आरोपियों ने उनके साथ में भी मारपीट की और उनका भी पत्थर मारकर सिर फोड़ दिया।

## पत्नी को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राऊ में पति ने पत्नी को पीट दिया। रुचि बोरासी (30) निवासी सिलिकॉन सिटी की शिकायत पर रामबहादुर के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि पति राम बहादुर घर पर आया। उस पर शंका करने की बात को लेकर गाली-गलौज करने लगा। उसने विरोध किया तो आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी। इस मारपीट में हाथ, पीठ पर चोट आई है। पति ने उसे धमकाया कि आज तो बच गई आइंदा मेरे सामने आई तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा ।

## पता पूछने के बहाने लूटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लूट की एक वारदात सिलिकॉन सिटी में हुई है। संतोष खंडेलवाल (58) निवासी सिलिकॉन सिटी ने पुलिस को बताया कि गणगौर माता के बाने में अपने घर से निकले थे। कुछ ही दूरी पर बाइक सवार एक आरोपी ने उन्हें रोक लिया। उन्हें रोककर पता पूछने लगा। वह उसे बताने लगे तो आरोपी ने उनके गले में पहनी हुई सोने की चेन वजन 12 ग्राम खींच ली और अपनी बाइक से वहां से भाग गया।






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ मो. : 7312433667, 9826044334 ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र पालीवाल ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक